# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ,

(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

## लखनऊ विश्वविद्यालय कार्य परिषद की दिनांक 07-01-2023 को सम्पन्न आकस्मिक बैठक (संख्या 01/2023) की कार्यवाही

### उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- | प्रो0 आलोक कुमार राय, कुलपति, | | :–अध्यक्ष |
| 2- | अधिष्ठाता, कला संकाय | | :–सदस्य |
| 3- | अधिष्ठाता, यूनानी संकाय | | :–सदस्य |
| 4- | प्रो0 अशोक कुमार सोनकर | | :–सदस्य |
| 5- | प्रो0 महेन्द्र कुमार | | :–सदस्य |
| 6- | प्रो0 अशोक कुमार सिंह | | :–सदस्य |
| 7- | प्रो0 अनिल कुमार | | :–सदस्य |
| 8- | प्रो0 अरविन्द अवस्थी | | :–सदस्य |
| 9- | प्रो0 प्रेम सुमन शर्मा | | :–सदस्य |
| 10- | डॉ0 राजेश बाबू शर्मा | | :–सदस्य |
| 11- | डॉ0 अर्पणा गोडबोले | | :–सदस्य |
| 12- | डॉ0 प्रेरणा माथुर | (ऑन लाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 13- | डॉ0 रेखा श्रीवास्तव | | :–सदस्य |
| 14- | प्रो0 रचना श्रीवास्तव | (ऑन लाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 15- | श्री अंशुमालि टण्डन | (ऑन लाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 16- | श्री धर्मेन्द्र सिंह | (ऑन लाइन माध्यम) | :–सदस्य |
| 17- | जस्टिस रंजना पांडया | | :–सदस्य |
| 18- | संजय मेधावी, कुलसचिव | | :–पदेन सचिव |

श्री विद्यानन्द त्रिपाठी, परीक्षा नियन्त्रक, एवं श्री रत्नेश्वर भारती प्रतिनिधि, वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ, विशेष आमन्त्रित सदस्य के रूप में बैठक में उपस्थित रहें।

बैठक के आरम्भ में नवागत कार्य परिषद सदस्या डॉ0 रेखा श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर गणित एंव खगोल विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का स्वागत किया गया तथा निवर्तमान कार्य परिषद सदस्या डॉ0 वैशाली सक्सेना, लोक प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को कार्य परिषद सदस्य के रूप में दिये गये सहयोग एवं योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

मा0 अध्यक्ष/कुलपति द्वारा समिति के समस्त सदस्यों को नव वर्ष 2023 की शुभकामना दी गई। तत्पश्चात मा0 अध्यक्ष/कुलपति की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

तत्पश्चात माननीय कुलपति जी के निदेशानुसार कुलसचिव/पदेन सचिव, कार्य परिषद द्वारा कार्य परिषद की कार्यवाही प्रारम्भ की।

### कार्यवाही 01/2023

**विनिश्चय संख्या 01**:– मा0 अध्यक्ष कार्य परिषद/कुलपति द्वारा मा0 सदन को अवगत कराया गया कि लखनऊ विश्वविद्यालय का 65वॉ दीक्षान्त समारोह दिनांक 21-01-2023 को प्रस्तावित है। दीक्षान्त समारोह में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के0 कस्तूरीरंगन मुख्य अतिथि बनाया जाना समाचीन होगा जिसका समस्त सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।

7-1-23

मा0 अध्यक्ष द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के 65वें दीक्षान्त समारोह 2023 में किसी विशिष्ट व्यक्ति को मानद उपाधि प्रदान किये जाने के संबंध में कार्य परिषद के सभी मा0 सदस्यों से चर्चोपरान्त मानद उपाधि हेतु प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, प्रो0 अशोक कुमार सिंह एवं प्रो0 अशोक कुमार सोनकर, मा0 सदस्य कार्य परिषद द्वारा प्रस्तावित तीन नामों डॉ0 संजय सिंह, CEO, Gennova Biopharmaceuticals Limited, Pune, श्रीमती निवृति राय, Head of Intel India एवं वरिष्ठ गायक एवं संगीतज्ञ पद्मश्री अनूप जलोटा के नामों पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई तथा उपरोक्त प्रस्तावित नामों को मानद उपाधि प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव माननीया कुलाधिपति महोदया के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

कार्य परिषद के समक्ष परीक्षा नियंत्रक ने अवगत कराया कि कुल 188 विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किये जाने हैं। परिषद ने उक्त से अवगत होते हुये सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की।

अधिष्ठाता अभियांत्रिक संकाय व ओ. एस. डी. प्रबन्ध विज्ञान संस्थान द्वारा छात्रहित में भेजे गये प्रस्ताव के दृष्टिगत लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें किसी पदक प्रदाता द्वारा पदक प्रदत्त नहीं किया गया है, उन पाठ्यक्रमों के शीर्षस्थ (Topper) छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्तर से पदक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में कुलसचिव द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिस पर कार्य परिषद द्वारा व्यापक विचार–विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि इस सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्ताव श्री राज्यपाल/कुलधिपति महोदया के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाय।

कार्य परिषद को लेखाधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय (प्रतिनिधि वित्त अधिकारी) द्वारा यह अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के 65 वें दीक्षान्त समारोह का आयोजन माननीय सदस्यों की मंशा के अनुरूप भव्य रूप से किया जाना है अतः उक्त समरोह हेतु आवंटित बजट से ज्यादा धनराशि का व्यय हो सकता है, जिस पर सदन द्वारा समारोह हेतु आवंटित धनराशि से होने वाले सम्भावित अतिरिक्त व्यय का वित्त समिति के अनुमोदन की प्रत्याशा में आवंटित बजट से अतिरिक्त व्यय किये जाने पर अनुमति प्रदान की गई।

मा0 कार्य परिषद सदस्य श्री अंशु टण्डन एवं श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा मा0 कुलपति महोदय के कुलपति के रूप में द्वितीय कार्यकाल प्राप्त होने पर बधाई प्रदान की गई जिसके पश्चात सभी सदस्यों ने माननीय कुलपति को बधाई दी तथा इस कार्यकाल में विश्वविद्यालय की प्रगति की शुभकामना व्यक्त की गई।

बैठक के अन्त में पदेन सचिव कार्यपरिषद द्वारा उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ परिषद की बैठक समाप्त हुयी।

7-1-23
संजय मेधावी
कुलसचिव/पदेन सचिव

07/01/23
प्रो0 आलोक कुमार राय
कुलपति/पदेन अध्यक्ष